

### एक नजर में



## महापौर ने की पूजा अर्चना

**ग्वालियर 28 अगस्त.** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्वालियर नगर निगम मुख्यालय में श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। निगम मुख्यालय परिसर में आज धूमधाम से श्रीजी की स्थापना कर पूजा अर्चना की गई। निगम मुख्यालय में आयोजित श्री गणेश महोत्सव के प्रथम दिवस की आरती महापौर डॉक्टर शोभा सतीश सिंह सिकरवार द्वारा कराई गई। जिसमें उप नेता सत्ता पक्ष मंगल यादव, एमआईसी सदस्य विनोद यादव माटू, श्रीमती मोनिका मनीष शर्मा, श्रीमती गायत्री मंडेलिया, श्रीमती उपासना संजय यादव एवं नगर निगम के जन कल्याण से नीरज श्रीवास्तव, भंडार शाखा से श्री अरविंद शर्मा, दीपक झा, श्रीमती उमा चौरसिया एवं बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। श्री गणेश जी की आरती एवं पूजा अर्चना विधि विधान से पंडित धीरज शर्मा द्वारा कराई गई।

## गोल पहाड़िया क्षेत्र से हटाया अस्थाई अतिक्रमण

ग्वालियर 28 अगस्त. मदाखलत अधिकारी शैलेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि मेहराव साहब की तलैया गोल पहाड़िया सहित विभिन्न स्थानों पर खड़े यातायात में बाधक हाथ ठेलों, फुटपाथी दुकानों एवं अन्य अस्थाई अतिक्रमण को मदाखलत दल (दक्षिण) द्वारा हटवाया गया। साथ ही जप्त किए हाथ ठेलों एवं सामान इत्यादि को मदाखलत कार्यालय हुरावली रोड स्थित कार्यालय पर भिजवाया गया। उक्त कार्यवाही में मदाखलत निरीक्षक श्री सुघर सिंह सहित दल (दक्षिण) मौजूद रहा।



## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी ने पूर्व विधायक पाठक के निवास पर पहुंचकर व्यक्त की शोक संवेदना

ग्वालियर। पूर्व विधायक प्रवीण पाठक की दादी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सतीश पाठक की माताश्री रामदेवी पाठक के निधन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने ग्वालियर प्रवास के दौरान प्रवीण पाठक के निवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। वहीं कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग, राकेश शुक्ला, पूर्व सांसद विवेक नारायण शेजवलकर, रामसेवक सिंह बाबूजी, पूर्व मंत्री चौ. राकेश सिंह चतुर्वेदी, डॉ.गोविंद सिंह, बालेन्दु शुक्ला, भगवान सिंह यादव, लाखन सिंह यादव, विधायक सतीश सिंह सिकरवार, साहब सिंह गुर्जर, सुरेश राजे, पंकज उपाध्याय, फूलसिंह बरैया, कैलाश कुशवाह, बैजनाथ कुशवाह, पूर्व विधायक बृजेंद्र तिवारी, मदन कुशवाह, प्रागीलाल जाटव, सुनील सर्राफ, नीरज दीक्षित, कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुरेंद्र यादव, ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रभुदयाल जौहरे, भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजोरिया, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, प्रदेश मंत्री लोकेंद्र पाराशर, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, सेवादल अध्यक्ष हरेंद्र गुर्जर, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष कौशल शर्मा, कमल माखीजानी, शिवपुरी जिलाध्यक्ष मोहित अग्रवाल, सभापति मनोज तोमर, बाल योगी बाली बाबा सहित अनेक राजनेता, समाजसेवी, व्यापारी एवं गणमान्य जनों ने पुष्पांजलि अर्पित की।



## जी डी गोयनका पब्लिक स्कूल में एथलेटिक गर्ल्स क्लस्टर मीट का शुभारंभ


**ग्वालियर 28 अगस्त.** जी डी गोयनका पब्लिक स्कूल में चार दिवसीय सीबीएसई क्लस्टर एथलेटिक गर्ल्स मीट के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एल. एन. आई. पी. ई. की कुलपति प्रो. कल्पना शर्मा उपस्थित रही। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में स्कूल के ट्रस्टी सोहनलाल जैन भी मौजूद रहे। इस अवसर पर विद्यालय के चैयरमैन मनोज जैन उपस्थित रहे। इसके अलावा मिस्टर सचिन सीबीएसई ऑब्जर्वर, मिस्टर चंद्रप्रकाश चतुर्वेदी टेक्निकल ऑब्जर्वर, डॉ दिलीप तिरके, डॉ. सचिन गुप्ता, डॉ. पद्माकर भी मौजूद रहे। इस मौके पर कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्रिंसिपल सुनील भल्ला एवं डायरेक्टर डॉ. मयूरी जैन ने सभी मुख्य अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। स्कूल के प्रिंसिपल सुनील भल्ला ने बताया टूर्नामेंट छात्रो को खेल और कला के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने जॉन स्टीफन का उदाहरण दिया और कहा-दौड़ के दौरान वह बुरी तरह गिरे, जख्मी हुए फिर भी उन्होने दौड़ पूरी की क्योकि उन्हे उनके देश ने 5,000 मील दौड़ पूरी करने के लिए भेजा था। इस दौरान विद्यालय के नन्हे-मुन्ने छात्रों द्वारा गणेश वंदना पर एक अद्भुत प्रस्तुति ने सभी को चकित कर दिया। प्रो. कल्पना शर्मा ने अपने संवोधन में कहा कि स्कूल स्तर पर खेल और सांस्कृतिक क्लस्टर टूर्नामेंट में छात्राएँ अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर रही है। जिसमें मध्यप्रदेश की छात्राएं बहुत आगे है। उन्होंने सभी स्कूलो की छात्राओं को खेल में अपना अच्छा प्रदर्शन करने को शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम के अंत में ट्रस्टी सोहनलाल जैन द्वारा एल. एन. आई. पी. ई. की प्रो कल्पना शर्मा को मेमेंटो (स्मृति चिन्ह) प्रदान किया गया।

## आरजेएन अपोलो में 31 को डॉ. खरे उपलब्ध रहेंगे



**ग्वालियर 28 अगस्त.** सर गंगा राम हॉस्पिटल नई दिल्ली के वरिष्ठ गेस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉक्टर शिवम खरे कल 31 अगस्त रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक ओपीडी में अपनी सेवाएं देंगे गैस्ट्रोएंटरोलॉजी में जो सुविधाएं दिल्ली में उपलब्ध हैं वह आपको ग्वालियर में भी उपलब्ध होगी. डॉ. शिवम खरे प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को परामर्श हेतु आरजेएन अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल में लगातार उपलब्ध रहेंगे।

## आलोक मिश्रा म प्र कर्मचारी कांग्रेस के प्रांतीय सचिव बने



**ग्वालियर 28 अगस्त.** म प्र कर्मचारी कॉग्रेस के संभागीय अध्यक्ष रामकुमार यदुवंशी ने बताया कि म प्र कर्मचारी कांग्रेस के प्रान्तीय अध्यक्ष मुनेन्द्र सिंह परिहार ने आलोक मिश्रा को प्रान्तीय सचिव मनोनीत किया है. श्री मिश्रा के मनोनीत होने पर बधाई देने वालो में रामकुमार यदुवंशी संभागीय अध्यक्ष ग्वालियर, लक्ष्मी कान्त दीक्षित जिलाध्यक्ष ग्वालियर, सत्यप्रकाश श्रीवास्तव जिलाध्यक्ष मुरैना, मुकेश कुशवाह, जिलाध्यक्ष श्योपुर, सतीश वर्मा जिलाध्यक्ष शिवपुरी, जोरसिंह यादव सचिव, मनोज शिन्दे, आदि ने बधाई दी है।

# जेयू में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी कल से

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 28 अगस्त.** जीवाजी विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व अध्ययनशाला, जनजातीय विकास एवं अध्ययन केन्द्र और प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम-उषा) के संयुक्त तत्वावधान में दो

**दो पुस्तकों का होगा विमोचन, जनजातीय विषय पर प्रदर्शनी भी लगेगी**

दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 30 एवं 31 अगस्त को किया जाएगा। यह संगोष्ठी पुरातत्व में नवीन अन्वेषण मध्यप्रदेश के विशेष संदर्भ में होगी। आयोजन सचिव डॉ. शांतिदेव सिसोदिया ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि इस संगोष्ठी का शुभारंभ सुबह 11 बजे होगा। इसमें मुख्य अतिथि डॉ. संजय कुमार मंजुल अतिरिक्त महानिदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण संस्कृति मंत्रालय होंगे। अध्यक्षता प्रो. राजकुमार आचार्य कुलगुरु जीवाजी विश्वविद्यालय करेंगे। मुख्य वक्ता डॉ. नारायण व्यास सेवानिवृत्त अधीक्षण भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण एवं कुलसचिव प्रो. राकेश कुशवाह जीवाजी विश्वविद्यालय उपस्थित रहेंगे। इस सत्र में दो पुस्तकों का विमोचन भी किया जाएगा। डॉ. सिसोदिया ने आगे बताया कि



समापन सत्र का आयोजन विभागीय संग्रहालय, प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व अध्ययनशाला में दोपहर 3 बजे से किया जाएगा। मुख्य अतिथि प्रो. कपिल देव मिश्र पूर्व कुलगुरु, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर होंगे। अध्यक्षता डॉ. राजकुमार आचार्य कुलगुरु जीवाजी विश्वविद्यालय करेंगे। विशेष अतिथि प्रो. महेश प्रसाद अहिरवार विभागाध्यक्ष बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी होंगे। इस अवसर पर जनजातीय विषय पर आधारित एक प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा। जिसमें जनजातीय लोक शिल्प, कला, वेशभूषा आदि आकर्षण का केंद्र होंगे।

### 100 से अधिक पंजीयन हुए

डॉ. सिसोदिया ने बताया कि संगोष्ठी में देश के विभिन्न राज्यों से 100 से अधिक ख्यातिलब्ध विद्वान, शोधार्थी एवं छात्र-छात्राओं ने पंजीयन कराए हैं। साथ ही पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक अनुसंधान से सम्बन्धित विभिन्न अध्ययनों एवं महत्वपूर्ण विषयों पर नवीन उत्खनन, अनुसंधान एवं विधियों पर व्याख्यान, पैनल चर्चा और शोधपत्र प्रस्तुत किये जाएंगे।

### संगोष्ठी का ये है उद्देश्य

यह संगोष्ठी हाल ही में हुई पुरातात्विक गतिविधियों, नई तकनीकों की भूमिका और शोध के बदलते आयामों पर केंद्रित है। इसका उद्देश्य रेडियोकार्बन डेटिंग (एएमएस), रिमोट सेंसिंग तकनीक, आनुवांशिकी अध्ययन, भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) मैपिंग तथा आइसोटोप विश्लेषण जैसी आधुनिक तकनीकी एवं नवीन विधियों का एकीकरण करते हुए प्राचीन मानव गतिविधियों, उनके आवास स्थलों व बसने की प्रक्रिया के क्षेत्र में नवीन अंतर्दृष्टि प्रदान कर पुरातात्विक अनुसंधान की प्रगति को अग्रसर करना है।

# भागवत मनुष्य के बिगड़े भाग्य को संवार देती है

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 28 अगस्त.** जीबायएमसी मैदान पर चल रही भागवत कथा के प्रथम दिन भागवत का महत्व समझाते हुए भागवताचार्य जगदगुरू रामानंदाचार्य स्वामी राम दिनेशाचार्य महाराज ने कहा की भागवत कथा भाग्य को स्वर देती है। भागवत चार अक्षरों से मिलकर बनी है भ से भक्ति ग से ज्ञान व से वैराग तथा त से त्याग जिस व्यक्ति के जीवन में यह चारों आ जाते हैं वह खुद भगवत स्वरूप हो जाता है। कथा व्यास ने कहा कि हम संसार में भौतिक संसाधन जुटाने में ही सारा समय गुजार देते हैं जो की साथ नहीं जाएगा और जो साथ जाना है भगवान का नाम उसे नहीं जुटाते हैं इसलिए भागवत नाम को निरंतर जपते रहना चाहिए पता नहीं कब भगवान के घर से बुलावा आ जाए मृत्यु का सदा स्मरण करें क्योंकि यदि सदा करने का ध्यान रहेगा कि हमें मरना भी है तो किसी के साथ गलत करने का मन नहीं होगा किसी की और अच्छा भले न करें लेकिन पूरा कदापि न करें। मौत याद रहेगी तो बुरा कर्म होगा ही नहीं उन्होंने कहा कथा सुनने से स्वर्ग नहीं जाना पड़ता कथा अमृत का पान किया करें जीवन वाले जिसने पुण्य कार्य किया वह स्वर्ग में जाता है भागवत कथा कहती है यदि पाप आत्मा नहीं है देवताओं को भी यह कथा सुनना दुर्लभ की बात है जो कि आप सब सुन रहे हैं आज की कथा में परीक्षित श्रीमती ज्योति अनिल शिवहरे श्रीमती लक्ष्मी रिंकेश श्रीमती रीना नरेंद्र श्रीमती प्रियंका अंकित जायसवाल श्रीमती सुनीता शिव कुमार श्रीमतीअर्चना धर्मेंद्र अनूप शिवहरे सहित सभी लोगों ने भागवत महापुराण की आरती की उसके बाद प्रसादी वितरण किया.

## अपहृत नाबालिग बालिका से दुष्कर्म करने वाला पकड़ा

**ग्वालियर 28 अगस्त.** अपहृत नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर अपहृता को बरामद कर लिया है। राकेश (परिवर्तित नाम) निवासी सिकन्दर कम्पू ने थाना गिरवाई में रिपोर्ट कराई कि दोपहर को उसकी नाबालिग बहन उम्र 17 वर्ष घर के दरबाजे की कुन्दी लगाकर बिना बताये कही चली गई है। जिसकी तलाश हमने आस पास व रिश्तेदारी में की गई परन्तु कुछ पता नही चला है। मुझे शक है कि कोई अज्ञात व्यक्ति मेरी बहन को बहला फुसलाकर ले गया है। थाना गिरवाई पुलिस द्वारा अपहृत नाबालिग बालिका से विस्तृत पूछताछ करने पर उसने बताया कि एक लड़के द्वारा उसे शादी की कहकर उसे अपने साथ ले गया था और उसके साथ गलत काम किया है। जिस पर थाना गिरवाई पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जिसने पूछताछ में उक्त अपराध करना स्वीकार किया। थाना गिरवाई पुलिस द्वारा उक्त आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा दिया गया हैं।

# आईटीएम में तीन दिवसीय ओरियंटेशन प्रोग्राम आयोजित

नवभारत न्यूज



**ग्वालियर 28 अगस्त.** आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के स्कूल ऑफइंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा इलेक्ट्रोनिक्स एंड कम्युनिकेशन, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, सिविल, एमसीए और बीसीए के नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए तीन दिवसीय ओरियंटेशन-2025-26 प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस प्रोग्राम में मुख्य अतिथि के रूप में अमित पचौरी (जनरल एचआर मैनेजर, जेके टायर बानमोर) शामिल हुए। इस अवसर पर आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के प्रो-चांसलर डॉ. दौलत सिंह चौहान, वाइस चांसलर प्रोफेसर योगेश उपाध्याय, स्कूल ऑफ इंजीनिरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डीन डॉ. मुकेश पाण्डे, डीन अकेडमिक डॉ. रंजीत सिंह तोमर, डीएसडब्ल्यू तृप्ति पाठक, क्लब कोर्डिनेटर डॉ. राजकुमारी शर्मा, एग्जाम सुपरिडेंट एचएन वर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर निधि दंडोतिया, टैप सेल से अर्पित सिंह चौहान, आईडिया पेड से आशीष चंदेल, मोहित बंसल, मयंक शर्मा सहित विभिन्न विभागों के प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर सहित नव प्रवेशित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

प्रोग्राम में मुख्य अतिथि अमित पचौरी ने उन्होंने कहा कि आज की प्रतिस्पर्धी औद्योगिक दुनिया में केवल डिग्री प्राप्त करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि छात्र-छात्राओं को व्यावहारिक ज्ञान, कौशल, अनुशासन और टीमवर्क के साथ खुद को सशक्त बनाना होता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि वे इंटर्नशिप, प्रोजेक्ट वर्क, और इंडस्ट्री विज़िट जैसे अनुभवों को गंभीरता से लें, क्योंकि यही उन्हें भविष्य की दिशा तय करने में मदद करेंगे।

प्रो-चांसलर डॉ. दौलत सिंह चौहान ने कहा कि आज के युग में केवल किताबी ज्ञान या अकादमिक उत्कृष्टता ही पर्याप्त नहीं है; छात्रों को मानसिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और नैतिक विकास की दिशा में भी सतत् प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने रचनात्मकता को विकास का मूल आधार मानते हुए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया कि वे पढ़ाई के साथ-साथ सृजनात्मक गतिविधियों में भाग लें।

वाइस चांसलर प्रोफेसर योगेश उपाध्याय ने नव-प्रवेशित छात्र-छात्राओं को न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए प्रेरित किया, बल्कि उन्हें आधुनिक टेक्नोलॉजी के बदलते परिदृश्य से भी अवगत कराया। उन्होंने छात्रों को इन क्षेत्रों में कौशल विकसित करने की सलाह दी ताकि वे प्रतिस्पर्धात्मक वैश्विक बाज़ार में अपनी मजबूत पहचान बना सकें।

डीन डॉ. मुकेश पाण्डे कहा कि आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वातिलयर का प्रत्येक शिक्षक, प्रयोगशाला और संसाधन छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने के लिए समर्पित है। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे हर अवसर का लाभ उठाएं,

वहीं एसोसिएट प्रोफेसर निधि दंडोतिया, डीन अकेडमिक डॉ. रंजीत सिंह तोमर, डीएसडब्ल्यू तृप्ति पाठक, आशीष चंदेल, अर्पित सिंह चौहान, एचएन वर्मा, डॉ. राजकुमारी शर्मा, मोहित बंसल, विवेक डी. गुरंग ने भी छात्र-छात्रों को संबोधित किया. छात्र विक्रम सिंह ने पंजाबी गीतों को प्रस्तुत किया। छात्र प्रणय साहू छात्रा गोरी गायन की प्रस्तुति दी। छात्रा श्रुति वर्मा ने नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं प्रखर वाजपेयी ने गेम्स के बारे में जानकारी दी। वहीं आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर की ओर से एक्टिविटी में हिस्सा लेने वाले स्टूडेंट्स और वालेंटियर्स को पुरस्कार प्रदान किए गए।

# डॉ. राजेश जैन को मिला भारत के श्रेष्ठ दूरदर्शी कुलसचिव 2025 का सम्मान

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 28 अगस्त.** एमिटी यूनिवर्सिटी ग्वालियर के कुलसचिव डॉ. राजेश जैन को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान एवं दूरदर्शी प्रशासनिक नेतृत्व के लिए प्रतिष्ठित सम्मान भारत के श्रेष्ठ दूरदर्शी कुलसचिव 2025 सम्मान से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान इंडियन प्रेन्योर मैगज़ीन द्वारा आयोजित एडेक्स सम्मान समारोह में 24 अगस्त को इंदौर स्थित पांच सितारा मैरियट होटल में प्रदान किया गया।

इस अवसर पर डॉ जैन ने कहा कि यह सम्मान मेरे लिए अत्यंत गर्व और प्रेरणा का विषय है। यह उपलब्धि एमिटी विश्वविद्यालय परिवार के सहयोग का परिणाम है। इसके लिए मैं विश्वविद्यालय के नेतृत्व




का आभारी रहूंगा, तथा निरंतर प्रयासरत रहूँगा कि उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और सुलभता को और अधिक सशक्त बनाने में अपना योगदान देता रहूँगा।

इस उपलब्धि पर एमिटी विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर लेफ्टिनेंट जनरल वी के शर्मा, (एवीएसएम), कुलगुरु प्रो. (डॉ) आर एस तोमर, प्रो वाईस चांसलर प्रो. (डॉ) एम पी कौशिक तथा विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी एवं शिक्षकगणों ने डॉ. जैन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी और इसे विश्वविद्यालय के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण बताया।

## दस हजार के इनामी आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**ग्वालियर।** धोखाधड़ी के प्रकरण में फरार दस हजार के इनामी आरोपी को क्राइम ब्रांच ने मुरैना से पकड़ा हैं। आरोपी ने लक्ष्मीगंज मंडी में कर्मचारियां की मिली भगत से व्यापारियों द्वारा किसानां के साथ धोखाधड़ी कर धान खरीदकर उसकी लाखों रूपये की राशि को हड़प लिया था। क्राइम ब्रांच ग्वालियर को सूचना प्राप्त हुई थीं कि आरोपी कदम सिंह जाटव उत्तमपुरा मुरैना में छिपा हुआ है। क्राइम ब्रांच की टीम मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंची ओर उत्तमपुरा मुरैना से बताये हुलिया के एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। पकड़े गये संदिग्ध से नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम कदम सिंह जाटव पुत्र लटोईराम जाटव उम्र 53 साल निवासी 29 जगजीवन नगर ठाठीपुर जिला ग्वालियर का होना बताया।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संतोषी पुरी पुत्र श्री नाथी पुरी निवासी ग्राम निथारा तहसील जौरा जिला मुरैना द्वारा एक आवेदन पत्र ऋण प्राप्त करने हेतु हिंदुजा हाऊसिंग फाइनेंस कंपनी लिमिटेड शाखा मुरैना में प्रस्तुत किया गया है। जिसमें पूर्व का एक विक्रय पत्र जो कि श्रीमती पानदेवी पत्नी श्री पूरन सिंह ने श्रीमती मायादेवी पत्नी श्री रामगोपाल के हक में रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं. 4959 के द्वारा 1000 वर्गफुट रकबा दिनांक-15/09/2009 को विक्रय किया गया है। उक्त संपति जो कि वार्ड नं. 05 (तात्या टोपे वार्ड) शिवनगर मुरैना, तहसील व जिला मुरैना में स्थित है। सर्वे क्रं. 656/14 का भाग है। उक्त विक्रय पत्र कहीं गुम हो गए है। उपरोक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी अन्य व्यक्ति का कोई भी हित/हक हो तथा संपत्ति को बंधक रखने में आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति लिखित में दर्ज करा सकता है। अतएव इस आम सूचना के द्वारा सूचित किया जाता है कि ऊपर लिखे संपत्ति के संबंध में कोई भी बैंक, वित्तीय संस्था, प्राइवेट फाइनेंसर आदि के पास उपरोक्त विक्रय पत्र, प्लॉट/संपत्ति, पूर्व से रहन, दानपत्र अथवा विक्रय पत्र आदि से बंधक हो तो या अन्य किसी भी प्रकार से संपत्ति को बंधक रखने में कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर मय दस्तावेजों के लिखितम आपत्ति मेरे कार्यालय में दर्ज कराएं। अवधि उपरांत मेरा पक्षकार हिंदुजा हाऊसिंग फाइनेंस लिमिटेड शाखा ग्वालियर द्वारा उपरोक्त संपत्ति को बंधक रखकर ऋण दिए जाने की कार्यवाही निष्पादित करा ली जाएगी। उसके बाद की समस्त आपत्ति मेरे पक्षकार के मुकाबले प्रभावहीन व शून्यवत होंगी।

भवदीय
महेन्द्र कुमार जैन एडवोकेट
मोबाइल नं. 9425126738

**आम सूचना**

श्री सुरेश कुशवाह पुत्र श्री गिरधारीलाल कुशवाह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भवन, स्थित महेशपुरा, ग्राम अजयपुर, नगर लश्कर, प.ह.नं.25 (पुराना) एवं 70 (नया), तहसील व जिला ग्वालियर (म.प्र.) है जो नगर निगम ग्वालियर वार्ड क्र.65 है जिसका सम्पत्ति क्र.2000240603 है जो भूमि सर्वे क्र.175 एवं 178 ग्राम अजयपुर का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 452 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:-पूर्व में-भूखण्ड दीगर, पश्चिम में-रास्ता 15 फुट चौड़ा, उत्तर में-भूखण्ड श्री सुरेन्द्र एवं दक्षिण में-भूखण्ड का भाग श्री पुरूषोत्तम कुशवाह है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री भगवानदास पुत्र स्व. श्री सामलिया कुशवाह जर्ये मुख्त्यारआम श्री प्रेम सिंह कुशवाह पुत्र श्री गोपाल सिंह कुशवाह द्वारा श्रीमती ग्यासो बाई पत्नी स्व. श्री गिरधारी सिंह कुशवाह को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.770 दिनांक 18.02.2008 से विक्रय की गई। श्रीमती ग्यासो बाई द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती नीतू कुशवाह पत्नी श्री सुरेश कुशवाह को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.1854 दिनांक 19.12.2014 से विक्रय की गई। श्रीमती नीतू कुशवाह का स्वर्गवास दिनांक 27.09.2016 को हो जाने के उपरांत, उनके पति श्री सुरेश कुशवाह पुत्र श्री गिरधारीलाल कुशवाह उनकी सम्पत्ति के मालिक हुये। श्री सुरेश कुशवाह द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार टूहोम (अह्ह्ह्द्ध्श्द्द्ग) फायनेंस लि. वित्तीय संस्थान ग्वालियर के समक्ष बंध किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम, निकाय एवं श्रीमती नीतू कुशवाह के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो ।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर
(म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

**आम सूचना**

श्रीमती मीरा सोनी पत्नी श्री रामप्रकाश सोनी एवं श्रीमती राधा सोनी पत्नी श्री राहुल सोनी के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड स्थित प्रीतमपुरम कॉलोनी, ग्राम गुढ़ा तहसील व जिला ग्वालियर (म.प्र.) में है जो नगर निगम ग्वालियर वार्ड क्र.52 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.291/मिन-3 एवं 383 ग्राम गुढ़ा का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 945 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:-पूर्व में-रास्ता, पश्चिम में-भूखण्ड संजय भारद्वाज, उत्तर में-भवन बृजेश शर्मा एवं दक्षिण में-भूखण्ड रवीन्द्र कुशवाह है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री होतम सिंह पुत्र श्री सोनपाल कुशवाह एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री होतम सिंह द्वारा अपने भाग की सम्पत्ति के संबंध में श्री राधेश्याम शर्मा पुत्र स्व. श्री बालकिशन शर्मा के हित में रजिस्टर्ड मुख्त्यारआम विलेख क्र.1640 दिनांक 07.01.2014 को सम्पादित किया गया। श्री होतम सिंह जर्ये मुख्त्यारआम श्री राधेश्याम शर्मा द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री हर्षदीप सिंह चीमा पुत्र स्व. श्री बी.एस.चीमा को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.3102 दिनांक 06.01.2015 से विक्रय की गई। श्री हर्षदीप सिंह चीमा द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती चंदा शर्मा पत्नी श्री महेन्द्र कुमार शर्मा को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी142602016ए1058203 दिनांक 04.02.2016 से विक्रय की गई। श्रीमती चंदा शर्मा द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती रिंकी राजौरिया पत्नी श्री विमलेश राजौरिया एवं श्री काबिल सिंह राजौरिया पुत्र श्री बालकिशन राजौरिया को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी142602022 ए1082641 दिनांक 25.01.2022 से विक्रय की गई। श्रीमती रिंकी राजौरिया एवं श्री काबिल सिंह राजौरिया द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती मीरा सोनी पत्नी श्री रामप्रकाश सोनी एवं श्रीमती राधा सोनी पत्नी श्री राहुल सोनी को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी 21 आईजीआर 17402025 ए100653314 दिनांक 25.07.2025 से विक्रय की गई। श्रीमती मीरा सोनी एवं श्रीमती राधा सोनी द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान कैपरी ग्लोबल हाउसिंग फायनेंस लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांको के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो ।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर
(म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

डॉ. कुमार क्लीनिक
DR. DINESH KUMAR
M.B.B.S., PGDS, FSPT
SEXYOLOGIST
नवीन पद्धति द्वारा 100% सफल इलाज
गुप्त रोग विशेषज्ञ
2000 से अधिक रोगियों का विश्वास
पता-सिल्वर एस्टेट के पास, सिटी सेन्टर, अभियंक एस्टेट ग्वालियर
संपर्क करें-9090848460

KBC HARRA
SPECIAL OFFER
KBC HARRA - The Ever Green Choice for Ladies
UP TO 50% OFF
SALE
Suit | Kurti | Sarees |Gowns | Plazo Pants
UNSTITCHED & DESIGNER READYMADE SUITS
TRENDY GOWNS, AND STYLISH PLAZOS
PREMIUM DRESS MATERIALS IN VIBRANT STYLES & COLORS
Call Us: Shubham Mandil – 86024 91416
8878419997
Visit Us: In Front of Surbhi Hotel, Naya Bazar, Lashkar, Gwalior

पुरोहित डेंटल क्लिनिक
(1982 से आपकी मुस्कान की देखभाल)
हमारी सेवाएं:
डेंटल इंप्लांट्स
ओरल कैंसर स्क्रीनिंग
जबड़े का फ्रैक्चर
रूट कैनाल ट्रीटमेंट
स्माइल डिजाइनिंग
लेजर
ऑर्थोडॉन्टिक ट्रीटमेंट (टेढ़े मेढ़े दांतों का इलाज
डॉ. निखिल पुरोहित (MDS)
(ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन)
डॉ. मनुस्मृति पुरोहित (MDS)
(ओरल पैथोलॉजी व फॉरेंसिक डेंटिस्ट्री विशेषज्ञ)
PUROHIT DENTAL CLINIC Since 1982
Timing
Morning 10 A.M to 2 P.M Evening 5 P.M to 8 P.M. Sunday Evening Close
संपर्क करें- पता 35-37, शास्त्री मार्केट, लश्कर, ग्वालियर (MP) फोन- 0751-4045184, +91-9303280609